आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 सोमवार 12.01.2026

मुख्य समाचारः–

1– आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
2– बालोद जिले में आयोजित की जा रही भारत स्काउट्स और गाइड्स की राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए।
3– कोल लेवी घोटाला मामले में ईडी ने आरोपी सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर से जुड़ी करीब दो करोड़ छियासठ लाख रुपये की आठ अचल संपत्तियों को अटैच किया।
4– मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ने की संभावना।

राष्ट्रीय युवा दिवस

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। यह दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक शाश्वत, दूरदर्शी और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की युवा शक्ति के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कामना की है कि राष्ट्रीय युवा दिवस सभी देशवासियों, विशेषकर युवा साथियों के लिए नई शक्ति और नया आत्मविश्वास लेकर आए।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार आज भी भारत की युवाशक्ति के लिए ऊर्जा, दिशा और आत्मविश्वास का सबसे बड़ा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को यह विश्वास दिया कि वे स्वयं अपने भविष्य के निर्माता हैं। उनके विचारों ने सेवा, आत्मबल और राष्ट्रप्रेम को जीवन का उद्देश्य बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का विषय है कि स्वामी विवेकानंद का जीवन रायपुर से भी जुड़ा रहा है। यहां की धरती पर बिताया गया उनका समय प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक परंपरा को विशेष पहचान देता है।

उधर, बिलासपुर में स्वामी विवेकानंद चेतना महोत्सव के दौरान पन्द्रह सौ बच्चों ने स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में एक साथ वंदे मातरम का गायन किया। इस अवसर पर बच्चों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बिलासपुर के युवाओं ने वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है।

बालोद–जंबूरी

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के दुधली में आयोजित की जा रही भारत स्काउट्स और गाइड्स के राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मार्चपास्ट की सलामी भी ली। साथ ही रोवर–रेंजर और स्काउट्स तथा गाइड्स को शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्काउट्स और गाइड् के कर्तव्य, सेवा और अनुशासन के मंत्र को अपने जीवन में उतारें।

इस आयोजन में देश–विदेश से कुल पन्द्रह हजार रोवर–रेंजर और स्काउट्स और गाइड् भाग ले रहे हैं। नौ जनवरी से शुरू हुई इस जम्बूरी का समापन कल तेरह जनवरी को होगा।

मुख्यमंत्री–संकुल विकास परियोजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज आयोजित सांसद संकुल विकास परियोजना की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय विकास को इस परियोजना से गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण पहल की जा रही है, इससे जनजातीय क्षेत्रों से पलायन पर रोक लगेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सांसद संकुल विकास परियोजना के तहत गांवों के क्लस्टर बना कर विकास का मॉडल विकसित किया जा रहा है। स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग कर लोगों का कौशल विकास करके उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना ही योजना का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सांसद संकुल विकास परियोजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

इस बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित सांसद, विधायक और कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री–प्रगति

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के सर्वोत्कृष्ट मंच– प्रगति ने अपनी पचासवीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वर्ष दो हजार पन्द्रह में शुरू किया था। इसके बाद से, प्रगति ने प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के माध्यम से प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर, शासन व्यवस्था में क्रांति ला दी है। यह मंच सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ, एक ही डिजिटल मंच पर लाता है। प्रगति ने एक दशक से अधिक समय से, निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने, प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान करने और जवाबदेही की मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायता की है।

ईडी–संपत्ति अटैच

कोल लेवी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आरोपी सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर से जुड़ी करीब दो करोड़ छियासठ लाख रुपये की आठ अचल संपत्तियों को अटैच कर दिया है। इस संपत्तियों में जमीन और रिहायशी फ्लैट शामिल हैं। इस कार्रवाई के साथ ही घोटाले में अब तक ईडी द्वारा अटैच की गई संपत्तियों का आंकड़ा दो सौ तिहत्तर करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस मामले में ईडी अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि पैंतीस आरोपियों के खिलाफ पांच चालान विशेष अदालत में पेश किए जा चुके हैं।

निलंबन

उच्च शिक्षा विभाग ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए नारायणपुर के शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय के छह प्राध्यापकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन लोगों पर यह कार्यवाही पी.एम. उषा मद से आबंटित राशि के दुरुपयोग तथा शासन के निर्धारित वित्तीय नियमों का पालन नहीं करने के आरोपों के बाद की गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस मामले की विभागीय जांच अलग से की जाएगी।

मुख्यमंत्री–गौरा पूजा महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल कोरबा जिले के महर्षि वाल्मीकि आश्रम में आयोजित गौरा पूजा महोत्सव और बैगा पुजेरी सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आईटीआई चौक से बालको रोड का नाम 'जनजातीय गौरव पथ' रखने तथा इस मार्ग के प्रारंभिक बिंदु पर जनजातीय महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने की घोषणा की।

अरूण साव–लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने धमतरी जिले में स्थित कुरूद नगर पालिका परिषद का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सत्रह करोड़ पचास लाख रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण औरं शिलान्यास भी किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद मंगल भवन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया।

खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

रायपुर में इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट के दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। यह कार्यालय किसानों, उत्पादक समूहों, सहकारी संस्थाओं और निर्यातकों को निर्यात पंजीकरण, परामर्श सेवाएं, बाजार की जानकारी, प्रमाणन सहायता, निर्यात सुविधा और अवसंरचना विकास जैसी सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

एसईसीएल–एमओयू

नवा रायपुर में स्वास्थ्य कौशल विकास केंद्र की स्थापना के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड–एसईसीएल और श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–सीएसआर कार्यक्रम के तहत पैंतीस करोड़ रूपए से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस केन्द्र में शैक्षणिक भवन, छात्रावास, कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। एसईसीएल के परिचालन जिलों के उम्मीदवारों को यहां प्राथमिकता दी जाएगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ सकती है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

इस बीच, कड़ाके की ठंड के मद्देनजर रायगढ़ जिले के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। स्कूलों में पहली पाली की कक्षाएं अब सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दूसरी शिफ्ट की कक्षाएं दोपहर सवा बारह बजे से शाम चार बजे तक लगेंगी। वहीं, एक पाली वाले स्कूलों में कक्षाएं सुबह दस बजे से लगेंगी। यह आदेश सत्रह जनवरी तक लागू रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

– शेयर ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर दुर्ग जिले के भिलाई के एक युवक से ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

– रायगढ़ जिले के ग्राम तेतला के पास एक कार ने स्कूटी सवार दो लोगों जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक नाबालिग सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है।